NEWS CLIPPING:08.10.2021

PIONEER

'मिसाइल वैज्ञानिक' डॉ रेड्डी होंगे मानद उपाधि से सम्मानित

फरीदाबाद। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण विशिष्टता रखने वाले व्यक्तियों को सर्वोच्च सम्मान देने की महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद दीक्षांत समारोह के उपलक्ष में मानद उपाधि प्रदान करने की एक नई परंपरा शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने दो विशिष्ट व्यक्तियों को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान करने का निर्णय लिया है। इनमें पहला नाम प्रतिष्ठित एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी का है, जोकि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष हैं, और दूसरे नाम फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवीन सूद का है। सूद वीजी इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद के चेयरमैन हैं। विश्वविद्यालय जोकि पहले वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान था, के पूर्व छात्र भी हैं। इन विशिष्ट व्यक्तियों को पीएचडी की मानद उपाधि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जोकि जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, के द्वारा 8 अक्टूबर, 2021 को विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान की जाएगी। यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। भारत के रक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में डॉ. जी सतीश रेड्डी का नाम सम्मान से लिया जाता है। डॉ. जी सतीश रेड्डी को स्वदेशी तकनीकों को विकसित करने उनकी सोच और क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने ऐसी प्रणालियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो एक मिसाइल को हाइपरसोनिक वेग से 300 किमी दूर एक उपग्रह तक ले जाती हैं। नवीन सूद कई अन्य सामाजिक एवं परोपकारी गतिविधियां में भी लगे हुए है। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया, खुशी एक एहसास जैसे सामाजिक धर्मार्थ ट्रस्ट के लिए उनका कार्य सराहनीय रहा है। सूद वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:08.10.2021

AMAR UJALA

दीक्षांत समारोह में पहुंचेंगे राज्यपाल

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तृतीय दीक्षांत समारोह 8 अक्तूबर को होगा। समारोह में वर्ष 2021 के दौरान उत्तीर्ण छात्रों और शोधार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में छात्रों को उपाधि, पदक व प्रमाण पत्र देंगे।